सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5866	09.04.2020	09.04.2020	**Bhagalpur Bihar**	www.m.jagran.com/Hindi https://m.jagran.com/bihar/bhagalpur-death-of-pig-20176112.html
Title:	**Pigs & other animal found dead in Bhagalpur district, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- **Bhagalpur,** SSU- **Bihar**			

शहर में पिछले तीन हफ्ते से पशु-पक्षियों की मौत का सिलसिला जारी है। हर दिन सूअर, गाय, लंगूर आदि की मौत हो रही है, इसके बावजूद पशुपालन विभाग सो रहा है। मौत का आकड़ा 892 पहुंच गया है। जांच रिपोर्ट में सूअरों की मौत का कारण क्लासिकल स्वाइन फ्लू बताया गया है। बुधवार को सुरखीकल में पांच, जिला पार्षद कार्यालय के पास एक और ज्योति विहार कॉलोनी में एक सूअर की मौत हुई है। वहीं भीखनपुर में एक गाय की मौत हो गई है।

सूअर सहित अन्य पशु-पक्षियों की सबसे अधिक मौतें सुरखीकल, बरारी, हाउसिंग कॉलोनी, हुसैनाबाद, परबत्ती, नाथनगर व कचहरी कैंपस के आसपास हो रही हो रही हैं। इन इलाकों में रहने वाले लोग महामारी फैलने की आशंका से सहमे हुए हैं। हालांकि सफाई कर्मी इन इलाकों में ब्लीचिंग व चूने का छिड़काव कर रहे हैं। पशुओं को नहीं दिया जा रहा वैक्सिन

क्लासिक स्वाइन फ्लू को रोकने के लिए अमूमन वैक्सिन दिया जाता है, लेकिन यहां पशुपालन विभाग के पास वैक्सिन उपलब्ध नहीं है। इसके बदले पशुपालकों को कुछ टैबलेट दिया जा रहा है, लेकिन क्लासिकल स्वाइन फ्लू के भय से पशुपालक सूअर के नजदीक नहीं जा रहे हैं। इससे वे लोग सअरों को दवा नहीं दे पा रहे हैं। डीएम की भी नहीं सुनते अफसर

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

लगातार हो रहे पशु-पक्षियों की मौत को देखते हुए डीएम प्रणव कुमार ने पशुपालन विभाग और नगर निगम को टीम गठित करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही डिटेंसन सेंटर बनाने के लिए कहा गया था। मायागंज में लगभग दस दिन पहले डिटेंशन सेंटर तो बन गया, लेकिन यहां एक भी बीमार सूअरों को नहीं रखा जा रहा है, जबकि सेंटर में बीमार सूअरों की पहचान कर लाने की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को दी गई थी। सुल्तानगंज व घोघो में भी हो चुकी है मौत
सूल्तानगंज में कुछ दिन पूर्व प्रखंड कार्यालय के पास करीब तीन सौ के आसपास सूअरों की मौत हो गई थी। वहां भी विभाग की ओर से अबतक कोई इंतजाम नहीं किया गया है। वहीं, कुछ दिन पूर्व घोघा में बड़ी संख्या में कौए की मौत हो गई थी। अब तक इन पशुओं की हो चुकी है मौत
तारीख पशुओं की संख्या
12 मार्च : 45, 13 मार्च : 15, 14 मार्च : 18, 15 मार्च : 12, 16 मार्च : 185, 17 मार्च : 18
18 मार्च : 07, 19 मार्च : 32, 20 मार्च : 34, 21 मार्च : 48, 22 मार्च : 61, 23 मार्च : 90
24 मार्च : 17, 25 मार्च : 15, 26 मार्च : 20, 27 मार्च : 04, 30 मार्च : 08, 31 मार्च : 208, एक अप्रैल : 08, 2 अप्रैल : 11, 3 अप्रैल : 09, 5 अप्रैल : 18, 6. अप्रैल : 04
7 अप्रैल : 05,
कोट ::::
सूअरों को संक्रमण से बचाने के लिए पशुपालकों को दवा दी जा रही है। बीमार पशुओं को अलग रखने की सलाह दी गई है। सावधानी बरतने पर ही संक्रमण का खतरा कम होगा। सूअरों को स्वच्छ स्थान व भोजन देना होगा।
-श्ाभू नाथ झा,जिला पशुपालन अधिकारी
- शहर में मरने वाले सूअरों को निगम की टीम दफन कर रही है। बीमार पशुओं के रखने के लिए डिटेंशन सेंटर भी बनाए गए है, लेकिन संक्रमण को रोकना पशुपालन विभाग का दायित्व है।
- सत्येंद्र वर्मा ,उपनगर आयुक्त नगर निगम